
# शीतकालीनावकाश गृहकार्यपत्रिका

**नाम-** **कक्षा-चौथी** **वर्ग-**




सभी विद्यार्थियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ। चित्र के बीच खाली स्थान में नव वर्ष से संबंधित संदेश लिखें व रंग भरें।

**प्र1.रचनात्मक अभिव्यक्ति:-** **निम्न दिए संकेतों के आधार पर अपनी कल्पना द्वारा एक अनुच्छेद लिखें। (सर्कस का दृश्य )**

संकेत-शहर,सर्कस,कलाकार,करतब,जोकर,रंग-बिरंगी पोशाक,दर्शक

मनोरंजन,घोड़ा,हाथी,साइकिल,तालियाँ,आनंद।

## प्र.3 नीचे दिए गए अनुच्छेद में से संज्ञा,सर्वनाम और विशेषण शब्द चुनकर लिखें।

गणेशन लंबा-सा जाला उतारने का ब्रश लेकर कमरे में पहुँच गया।वह दोपहर तक सब कमरों के जाले उतारता हुआ ड्राइंगरुम में पहुँचा।वह कमरा कीमती सामान से सजा हुआ था।उन चीज़ों को देखने में उसे बड़ा आनंद आ रहा था।उस कमरे में उसके सिवा कोई दूसरा नहीं था। वह हर चीज़ को उठा- उठाकर देखने लग गया।सोफ़े को सरकाते हुए उसे एक सुंदर-सी सोने की घड़ी मिली।वह उसे उठाकर देखने लगा। वह उसे बहुत पसंद आई।उसके नन्हें मन ने सोचा कि काश!ऐसी सुंदर घड़ी मेरी होती।

| संज्ञा | भेद | सर्वनाम | भेद | विशेषण | भेद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

## प्र4. निम्न पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें-



धरती हमारी प्यारी माँ है,
पेड़ हमारे साथी सहचर।
हमें नित्य जीवन देते,
सबकी साँसों में रच-बसकर।
शुद्ध वायु हमको देकर,
हमें स्वस्थ और सबल बनाते।
स्वयं गैस ज़हरीली पीकर,
पाठ त्याग का हमें पढ़ाते।

गरमी,सरदी या बारिश हो,
सब कुछ ये सह जाते हैं।
अपना जीवन राख बनाकर,
हमें जीवन दे जाते हैं।
जंगल की इस शोभा को,
तुम कोरी शोभा मत जानो।
आओ! हम सब वृक्ष लगाकर,
करें धरती पर हरियाली ।

### क) हमें वृक्ष क्यों लगाने चाहिए?

---

---

### ख) पेड़ क्या-क्या सहते हैं?

---

---

**ग) पेड़ हमें जीवन कैसे देते हैं?**

**घ) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें-**

1.वृक्ष- 2.जंगल-

**ङ) विलोम शब्द लिखें-**1.जीवन- 2.अपना-

**च) पेड़ से संबंधित एक छोटी-सी कविता की रचना करें।**

# ज्ञान बढ़ाएँ

प्र 2 .निम्न प्रश्नों के उचित उत्तर चुनें :-

1. बादल शब्द का पर्यायवाची है-

क) मेघ ख) आसमान

ग) रवि घ) नीरज

2. इनमें से स्वर कौन-सा है ?

क) ब ख) क

ग) अ घ) ग

3. निम्न वर्णों में व्यंजन कौन-सा है ?

क) इ ख) अ

ग) ए घ) ख

4. जीवन के लिए सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण क्या है ?

क) कपड़ा ख) कुर्सी

ग) मेज़ घ) भोजन

5. जिस प्रकार 'संसार' का अर्थ 'जगत' होता है उसी प्रकार 'कोशिश' का अर्थ होता है -

क) प्रयत्न ख) काम ग)कामचोर घ)शीतलता